भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-242

उत्तर देने की तारीख-07/08/2023

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों/भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में मिशन मोड भर्ती

†*242. श्री ए. राजा:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में मिशन मोड अवधि के दौरान केवल कुछ संकाय सदस्यों की भर्ती की गई जबकि 6000 से अधिक शिक्षण पद अभी भी रिक्त पड़े हैं;

(ख) क्या भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने केवल कुछ संकाय सदस्यों की भर्ती की है जबकि 4000 से अधिक पद अभी भी रिक्त हैं;

(ग) यदि हां, तो उक्त के संबंध में, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की श्रेणी सहित, इस कमी के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार का आईआईटी और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में आरक्षित श्रेणियों सहित सभी रिक्त पदों को भरने का विचार है, यदि हां, तो भर्ती के लिए समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

माननीय संसद सदस्य श्री ए. राजा द्वारा "केन्द्रीय विश्वविद्यालयों/भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में मिशन मोड भर्ती" के संबंध में दिनांक 07.08.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 242 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ) शिक्षा मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) संसद के संबंधित केंद्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित सांविधिक स्वायत्त संगठन हैं और इसके तहत बनाए गए अधिनियमों/संविधियों/अध्यादेशों/विनियमों के प्रावधानों द्वारा अभिशासित हैं। रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। रिक्तियाँ सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के चलते अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों (सीएचईआई) को रिक्तियों को आरक्षित श्रेणी के पदों के लिए एक विशेष अभियान सहित मिशन मोड में भरने का निर्देश दिया है। दिनांक 03 अगस्त, 2023 तक की स्थिति के अनुसार मिशन भर्ती अभियान के तहत केवल दस महीने की अवधि में सीएचईआई में कुल 13371 रिक्तियों को भरा गया है।

*****